**पत्र सूचना शाखा**

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०**

**(राज्यपाल सूचना परिसर )**

**-------**

**राज्यपाल ने डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या का भ्रमण कर वहां चल रहे विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं और शैक्षणिक गतिविधियों का किया निरीक्षण**

**------**

**समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चि करने के दिये निर्देश**

**-----**

**लगन, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की दी प्रेरणा**

**------**

**छात्र कठिन परिश्रम एवं संकल्प के साथ अध्ययन करें तो वे अपने लक्ष्यों को अवश्य प्राप्त कर सकते हैं**

**-राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

**------**

**लखनऊ : 28 फरवरी, 2025**

उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या का भ्रमण कर वहां चल रहे विभिन्न

निर्माणाधीन परियोजनाओं और शैक्षणिक गतिविधियों का निरीक्षण किया।

राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय में प्रयोगशाला, नवीन परिसर, निर्माणाधीन इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी भवन, सरदार पटेल एकात्मता केंद्र, मल्टीपर्पस लेक्चर हॉल परिसर (प्रथम तल), निर्माणाधीन कुलपति आवास, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं वित्त अधिकारी आवास एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय परिसर के सौंदर्यीकरण एवं स्वच्छता को लेकर भी अधिकारियों को निर्देशित किया और कहा कि शैक्षणिक संस्थानों का वातावरण विद्यार्थियों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास में सहायक होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि परिसर को हरित एवं स्वच्छ बनाए रखने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए।

निरीक्षण के दौरान, राज्यपाल जी ने विभिन्न कक्षाओं का दौरा किया और विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक प्रगति एवं अनुभवों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को सीमित संसाधनों में भी लगन, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि संघर्ष और मेहनत ही सफलता की कुंजी है, और यदि छात्र कठिन परिश्रम एवं संकल्प के साथ अध्ययन करें तो वे अपने लक्ष्यों को अवश्य प्राप्त कर सकते हैं।

राज्यपाल जी ने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को गंभीरता से समझने का आह्वान किया और कहा कि आज का युवा ही

भविष्य का नेतृत्वकर्ता है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन को भी निर्देश दिया कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसंधान के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जाएं।

इस अवसर पर कुलपति प्रो प्रतिभा गोयल, वित्त अधिकारी पूर्णेंदु शुक्ला, कुलसचिव उमानाथ सहित अन्य महानुभाव उपस्थित रहे।

-------

डॉ0 संगीता चौधरी,
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0: 9161668080